भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. **2317**
सोमवार, 8 जुलाई, 2019/17 आषाढ़, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु हिमाचल प्रदेश को आबंटित बजट

2317. श्री सुरेश कुमार कश्यपः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राज्य में पर्यटन की अत्यधिक क्षमता को ध्यान में रखते हुए हिमाचल प्रदेश सरकार को केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सहायता का ब्यौरा क्या है; और

(ख) गत एक वर्ष के दौरान हिमाचल प्रदेश राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु अनुमोदित बजट आबंटन का योजना-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (ख): पर्यटन मंत्रालय अपनी स्वदेश दर्शन तथा प्रशाद योजनाओं के तहत देश में पर्यटन अवसंरचना तथा सुविधाओं के विकास हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है ।

मंत्रालय ने वर्ष 2016-17 में स्वदेश दर्शन योजना के तहत 86.85 करोड रु. की राशि से 'हिमालयन परिपथ का विकास: हिमाचल प्रदेश में कियारीघाट, शिमला, हटकोटि, मनाली, कांगड़ा, धर्मशाला, बीर, पालमपुर, चंबा' परियोजना को स्वीकृति दी है ।

मंत्रालय ने प्रशाद योजना के तहत विकास हेतु हिमाचल प्रदेश में मां चिंतपूर्णी को अभिज्ञात किया है । तथापि इस योजना के तहत हिमाचल प्रदेश में किसी योजना को स्वीकृति नहीं दी गई है।

पर्यटन मंत्रालय की किसी योजना के तहत निधियों का राज्य-वार आवंटन नहीं किया गया है।

****